# VIDYA SHREE ACADEMY
## SR. SEC. SCHOOL
VSA — A Real English Medium School
Little Steps — Pre Primary wing of VSA
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur


Subject-Hindi Class 10 Topic- मुहावरे

Hindi Class - X

(मुहावरे) Worksheet

★ निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए

1. आपे से बाहर होना - बहुत क्रोधित होना
   वाक्य प्रयोग - अपने मित्र का अपमान होता देखकर रवि आपे से बाहर हो गया।
2. आनन फानन में - बहुत शीघ्र
   वाक्य - किसी भी मामले की आनन फानन में जाँच करना व्यक्ति के साथ अन्याय करने के बराबर है।
3. ईद का चाँद होना - बहुत समय बाद दिखाई देना।
   वाक्य - चुनाव जीतने के बाद नेता ईद के चाँद हो जाते हैं।
4. अगर-मगर करना - अस्पष्ट भाषा का प्रयोग करना।
   वाक्य - अरे राम कुछ तो शर्म करो यो हि अगर-मगर क्यों कर रहे हो।
5. कोल्हू का बैल होना - निरन्तर मेहनत करना।
   वाक्य - किसान कोल्हू के बैल की तरह खेत में लगे रहते हैं।
6. गागर में सागर भरना - थोड़े शब्दों में अधिक भाव भर देना।
   → बिहारी ने 'सतसई' में गागर में सागर भर दिया है।
7. चपत लगना - धन की हानि होना
   वाक्य - तुम्हारी तनिक-सी असावधानी से मुझे एक हजार रुपये की चपत लग गई।
8. जयचन्द होना - देश-द्रोही होना
   वाक्य - भारत-पाक के युद्ध के समय कुछ अपने लोग भी जयचंद हो गये
9. बाट जोहना - प्रतिक्षा करना।
   वाक्य - रीना की बाट जोहते शाम हो गई वह अभी तक नहीं आई।
10. बातों में उड़ाना - महत्त्व न देना
    वाक्य - मेरे प्रश्न को बातों में मत उड़ाओ उत्तर दो।